futuretopper.in

Series : PRQ5S **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***
*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

NOTE :

(I) Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

(iii) ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

(iv) ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन

(v) *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(vi) *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

(vii) *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

(viii) *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

भाग क
(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. मुन्ना तथा सोनू एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 40,00,000 तथा ₹ 30,00,000 थीं। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान मुन्ना ने व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 50,000 का आहरण किया। आहरण पर ब्याज 6% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाना था। मुन्ना के आहरण पर प्रभारित किए जाने वाले ब्याज की रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

	विवरण		नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
(A)	आहरण पर ब्याज खाता मुन्ना का पूँजी खाता	नाम	1,500	 1,500
(B)	मुन्ना का पूँजी खाता आहरण पर ब्याज खाता	नाम	1,500	 1,500
(C)	आहरण पर ब्याज खाता मुन्ना का चालू खाता	नाम	1,500	 1,500
(D)	मुन्ना का चालू खाता आहरण पर ब्याज खाता	नाम	1,500	 1,500

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

(iii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iv) ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

Option I : Analysis of Financial Statements

Option II : Computerised Accounting

(v) *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are Multiple Choice Questions. Each question carries **1** mark.*

(vi) *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks.*

(vii) *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

PART A
(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. Munna and Sonu were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 1. Their fixed capitals were ₹ 40,00,000 and ₹ 30,00,000 respectively. During the year ended 31st March, 2025, Munna withdrew ₹ 50,000 for personal use. Interest on drawings was to be charged @ 6% p.a. The journal entry for charging interest on Munna's drawings will be : *1*

	Particulars	Dr. Amount (₹)	Cr. Amount (₹)
(A)	Interest on Drawings A/c Dr. To Munna's Capital A/c	1,500	1,500
(B)	Munna's Capital A/c Dr. To Interest on Drawings A/c	1,500	1,500
(C)	Interest on Drawings A/c Dr. To Munna's Current A/c	1,500	1,500
(D)	Munna's Current A/c Dr. To Interest on Drawings A/c	1,500	1,500

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. सुजाता और लक्ष्मी एक फर्म की साझेदार थीं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2025 को उन्होंने फर्म के लाभों में 1/5 भाग के लिए रघु को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। रघु के प्रवेश की तिथि पर संयंत्र को ₹ 90,000 से कम मूल्य का पाया गया। पुनर्मूल्यांकन के बाद सुजाता, लक्ष्मी तथा रघु का स्थिति विवरण संयंत्र को ₹ 3,00,000 पर दर्शा रहा था। रघु के प्रवेश से पूर्व सुजाता तथा लक्ष्मी की फर्म की पुस्तकों में दर्शाया गया संयंत्र का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 3,90,000 (B) ₹ 2,10,000

(C) ₹ 3,00,000 (D) ₹ 90,000

3. यूनीवर्सल लिमिटेड ने अमोल लिमिटेड से ₹ 3,30,000 की मशीनरी, ₹ 1,60,000 का फर्नीचर तथा ₹ 80,000 की देयताओं को ₹ 4,50,000 के क्रय प्रतिफल पर लिया। अमोल लिमिडेट को भुगतान ₹ 50 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को 10% छूट पर निर्गमित करके किया गया। अमोल लिमिटेड को निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या थी : *1*

(A) 1,000 (B) 4,500

(C) 45,000 (D) 10,000

4. अंशों के हरण के समय 'अंश पूँजी खाते' को डेबिट किया जाता है : *1*

(A) हरण किए गए अंशों पर प्रदत्त राशि से

(B) हरण किए गए अंशों पर याचित राशि से

(C) हरण किए गए अंशों के अंकित मूल्य से

(D) हरण किए गए अंशों पर अदत्त राशि से

5. तनय तथा ईशान एक फर्म के साझेदार थे और उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 4,00,000 तथा ₹ 1,00,000 थीं। इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रत्याय की सामान्य दर 15% थी तथा फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 1,00,000 था। यदि ख्याति की गणना अधिलाभों के दो वर्षों के क्रय के आधार पर की गई थी, तो फर्म के औसत लाभ थे : *1*

(A) ₹ 1,25,000

(B) ₹ 75,000

(C) ₹ 50,000

(D) ₹ 1,00,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. Sujata and Laxmi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. On 1st April, 2025, they admitted Raghu as a new partner for 1/5th share in the profits of the firm. On the date of Raghu's admission, it was found that the equipment is undervalued by ₹ 90,000. After revaluation, the Balance Sheet of Sujata, Laxmi and Raghu showed equipment at ₹ 3,00,000. The value of equipment shown in the books of the firm of Sujata and Laxmi before Raghu's admission was : *1*

(A) ₹ 3,90,000 (B) ₹ 2,10,000

(C) ₹ 3,00,000 (D) ₹ 90,000

3. Universal Ltd. took over machinery of ₹ 3,30,000, furniture of ₹ 1,60,000 and liabilities of ₹ 80,000 from Amol Ltd. for a purchase consideration of ₹ 4,50,000. The payment to Amol Ltd. was made by issue of 10% Debentures of ₹ 50 each at a discount of 10%. The number of debentures issued to Amol Ltd. was : *1*

(A) 1,000 (B) 4,500

(C) 45,000 (D) 10,000

4. At the time of forfeiture of shares, 'Share Capital Account' is debited with : *1*

(A) Paid-up amount on forfeited shares

(B) Called-up amount on forfeited shares

(C) Face value of shares forfeited

(D) Unpaid amount on forfeited shares

5. Tanay and Ishaan were partners in a firm and their capitals were ₹ 4,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. Normal rate of return in a similar business was 15% and goodwill of the firm was valued at ₹ 1,00,000. If goodwill was calculated at two years purchase of super profits, the average profits of the firm were : *1*

(A) ₹ 1,25,000

(B) ₹ 75,000

(C) ₹ 50,000

(D) ₹ 1,00,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. (क) गुरु तथा प्रकाश एक फर्म के साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उन्होंने फर्म के लाभों में 1/4 भाग के लिए अनु को एक नया साझेदार बनाया। अनु के प्रवेश की तिथि पर गुरु तथा प्रकाश का लाभ-हानि खाता ₹ 40,000 का क्रेडिट शेष दर्शा रहा था। इसके लेखांकन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

	विवरण		नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
(A)	लाभ-हानि खाता	नाम	40,000	
	गुरु का पूँजी खाता			21,000
	प्रकाश का पूँजी खाता			9,000
	अनु का पूँजी खाता			10,000
(B)	लाभ-हानि खाता	नाम	40,000	
	गुरु का पूँजी खाता			28,000
	प्रकाश का पूँजी खाता			12,000
(C)	गुरु का पूँजी खाता	नाम	21,000	
	प्रकाश का पूँजी खाता	नाम	9,000	
	अनु का पूँजी खाता	नाम	10,000	
	लाभ-हानि खाता			40,000
(D)	गुरु का पूँजी खाता	नाम	28,000	
	प्रकाश का पूँजी खाता	नाम	12,000	
	लाभ-हानि खाता			40,000

अथवा

(ख) समता, ममता तथा गीता एक फर्म की साझेदार थीं तथा 11 : 5 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 31 मार्च, 2025 को समता की मृत्यु हो गयी। समता की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,80,000 किया गया। समता की मृत्यु पर ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

	विवरण		नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
(A)	समता का पूँजी खाता	नाम	99,000	
	ममता का पूँजी खाता			55,000
	गीता का पूँजी खाता			44,000
(B)	ममता का पूँजी खाता	नाम	1,00,000	
	गीता का पूँजी खाता	नाम	80,000	
	समता का पूँजी खाता			1,80,000
(C)	समता का पूँजी खाता	नाम	1,80,000	
	ममता का पूँजी खाता			1,00,000
	गीता का पूँजी खाता			80,000
(D)	ममता का पूँजी खाता	नाम	55,000	
	गीता का पूँजी खाता	नाम	44,000	
	समता का पूँजी खाता			99,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. (a) Guru and Prakash were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. They admitted Anu as a new partner for 1/4th share in the profits of the firm. On the date of Anu's admission, the Profit and Loss Account of Guru and Prakash showed a credit balance of ₹ 40,000. The necessary journal entry for its treatment will be : *1*

	Particulars		Dr. Amount (₹)	Cr. Amount (₹)
(A)	Profit and Loss A/c	Dr.	40,000	
	To Guru's Capital A/c			21,000
	To Prakash's Capital A/c			9,000
	To Anu's Capital A/c			10,000
(B)	Profit and Loss A/c	Dr.	40,000	
	To Guru's Capital A/c			28,000
	To Prakash's Capital A/c			12,000
(C)	Guru's Capital A/c	Dr.	21,000	
	Prakash's Capital A/c	Dr.	9,000	
	Anu's Capital A/c	Dr.	10,000	
	To Profit and Loss A/c			40,000
(D)	Guru's Capital A/c	Dr.	28,000	
	Prakash's Capital A/c	Dr.	12,000	
	To Profit and Loss A/c			40,000

OR

(b) Samta, Mamta and Geeta were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 11 : 5 : 4. On 31st March, 2025 Samta died. On Samta's death, the goodwill of the firm was valued at ₹ 1,80,000. The necessary journal entry for the treatment of goodwill on Samta's death will be : *1*

	Particulars		Dr. Amount (₹)	Cr. Amount (₹)
(A)	Samta's Capital A/c	Dr.	99,000	
	To Mamta's Capital A/c			55,000
	To Geeta's Capital A/c			44,000
(B)	Mamta's Capital A/c	Dr.	1,00,000	
	Geeta's Capital A/c	Dr.	80,000	
	To Samta's Capital A/c			1,80,000
(C)	Samta's Capital A/c	Dr.	1,80,000	
	To Mamta's Capital A/c			1,00,000
	To Geeta's Capital A/c			80,000
(D)	Mamta's Capital A/c	Dr.	55,000	
	Geeta's Capital A/c	Dr.	44,000	
	To Samta's Capital A/c			99,000

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

7. सुशील तथा सपना एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को फर्म का विघटन हो गया। विघटन की तिथि को विविध लेनदार खाते में ₹ 1,20,000 का शेष था। विविध लेनदार तीन माह पश्चात देय थे। उन्हें 12% वार्षिक दर से छूट पर तुरंत भुगतान कर दिया गया। विविध लेनदारों को भुगतान की गयी राशि थी : *1*

(A) ₹ 1,20,000 (B) ₹ 1,23,600

(C) ₹ 1,16,400 (D) ₹ 1,34,400

8. अनीश, नेहा तथा बिंदु एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अक्टूबर, 2024 को अनीश ने ₹ 4,00,000 का ऋण फर्म को दिया। साझेदारी समझौते की अनुपस्थिति में 31 मार्च, 2025 को अनीश को ऋण पर देय ब्याज की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 12,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 20,000

9. अरोड़ा तथा गुरमीत एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अक्टूबर, 2024 से शुरू करके अरोड़ा ने प्रत्येक तिमाही को अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 30,000 का आहरण किया। आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाना था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अरोड़ा के आहरण पर ब्याज था : *1*

(A) ₹ 1,800 (B) ₹ 2,700

(C) ₹ 450 (D) ₹ 3,600

10. यहाँ दो कथन दिए गए हैं अभिकथन (A) तथा कारण (R) : *1*

अभिकथन (A) : एक साझेदारी फर्म में एक नए साझेदार के प्रवेश के समय, नया प्रविष्ट हुआ साझेदार एक सहमत राशि पूँजी के रूप में या नगद अथवा वस्तु के रूप में लाता है।

कारण (R) : प्रवेश के समय नए साझेदार को साझेदारी फर्म की परिसम्पत्तियों तथा लाभों में भाग लेने का अधिकार प्राप्त होता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

7. Sushil and Sapna were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2025, the firm was dissolved. On the date of dissolution there existed a balance of ₹ 1,20,000 in sundry creditors account. The sundry creditors were payable after three months. They were paid immediately at a discount of 12% p.a. The amount paid to sundry creditors was : *1*

(A) ₹ 1,20,000 (B) ₹ 1,23,600

(C) ₹ 1,16,400 (D) ₹ 1,34,400

8. Anish, Neha and Bindu were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 2 : 1. On 1st October, 2024 Anish advanced a loan of ₹ 4,00,000 to the firm. In the absence of a partnership agreement, the amount of interest on loan due to Anish on 31st March, 2025 will be : *1*

(A) ₹ 12,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 20,000

9. Arora and Gurmeet were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Starting from 1st October, 2024 Arora withdrew ₹ 30,000 at the beginning of each quarter for his personal use. Interest on drawings was to be charged @ 12% per annum. Interest on Arora's drawings for the year ended 31st March, 2025 was : *1*

(A) ₹ 1,800 (B) ₹ 2,700

(C) ₹ 450 (D) ₹ 3,600

10. There are two statements Assertion (A) and Reason (R) : *1*

Assertion (A) : At the time of admission of a new partner in a partnership firm, the newly admitted partner brings an agreed amount of capital either in cash or in kind.

Reason (R) : On admission, the new partner gets the right to acquire share in the assets and profits of the partnership firm.

Choose the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. (क) मिरक लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 6,000 समता अंशों को, ₹ 3 प्रति अंश की अंतिम याचना का भुगतान न करने के कारण, हरण कर लिया। प्रति अंश वह न्यूनतम राशि जिस पर इन अंशों को पुन:निर्गमित किया जा सकता है, होगी : *1*

(A) ₹ 3

(B) ₹ 7

(C) ₹ 10

(D) ₹ 6

अथवा

(ख) नोरी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाएगा। ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाते को डेबिट किया जाएगा : *1*

(A) ₹ 20,00,000 से

(B) ₹ 1,00,000 से

(C) ₹ 3,00,000 से

(D) ₹ 2,00,000 से

12. 1 अप्रैल, 2024 को एमएम लिमिटेड ने ₹ 50 प्रत्येक के 4,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन पाँच वर्षों के पश्चात ₹ 10 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर किया जाएगा। ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान अर्धवार्षिक आधार पर 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को किया जाएगा। 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष में ऋणपत्रों पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 18,000 (D) ₹ 9,000

13. (क) आरक्षित पूँजी _____ पूँजी का वह भाग है जिसे केवल कम्पनी के समापन की दशा में माँगा जा सकता है। *1*

(A) याचित (B) अयाचित

(C) प्रदत्त (D) अभिदत्त

अथवा

(ख) ऐसे ऋणपत्र जो ब्याज की कोई विशिष्ट दर वहन नहीं करते, जाने जाते हैं : *1*

(A) अमोचनीय ऋणपत्र

(B) वाहक ऋणपत्र

(C) विशिष्ट कूपन दर ऋणपत्र

(D) शून्य कूपन दर ऋणपत्र

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. (a) Merak Ltd. forfeited 6,000 equity shares of ₹ 10 each for non-payment of final call of ₹ 3 per share. The minimum amount per share at which these shares can be reissued will be : *1*

(A) ₹ 3

(B) ₹ 7

(C) ₹ 10

(D) ₹ 6

OR

(b) Nori Ltd. issued 20,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5%. Loss on issue of debentures account will be debited by : *1*

(A) ₹ 20,00,000

(B) ₹ 1,00,000

(C) ₹ 3,00,000

(D) ₹ 2,00,000

12. On 1st April, 2024, MM Ltd. issued 4,000, 9% Debentures of ₹ 50 each at a premium of 5%, redeemable at a premium of ₹ 10 per debenture after five years. Interest on the debentures was to be paid on half-yearly basis on 30th September and 31st March. Interest on debentures for the year ended 31st March, 2025 will be : *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 18,000 (D) ₹ 9,000

13. (a) Reserve capital is that portion of the _____ capital that can be called only in the event of winding up of the company. *1*

(A) called-up (B) uncalled

(C) paid-up (D) subscribed

OR

(b) The debentures which do not carry a specific rate of interest are known as : *1*

(A) Irredeemable debentures

(B) Bearer debentures

(C) Specific coupon rate debentures

(D) Zero coupon rate debentures

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

14. (क) जॉन, हनी तथा रेकब एक फर्म के साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते थे। 31 जुलाई, 2025 को जॉन की मृत्यु हो गयी। पिछले स्थिति विवरण की तिथि से उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में उसके भाग को किया जाएगा : *1*

(A) लाभ-हानि खाते में डेबिट

(B) लाभ-हानि खाते में क्रेडिट

(C) लाभ-हानि उचंति खाते में डेबिट

(D) लाभ-हानि उचंति खाते में क्रेडिट

अथवा

(ख) शशि, माया तथा कोमल एक फर्म की साझेदार थीं तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 31 मार्च, 2025 को कोमल सेवानिवृत्त हो गयी। शशि तथा माया के नए लाभ विभाजन अनुपात को 3 : 5 रखने का निर्णय लिया गया। कोमल की सेवानिवृत्ति पर शशि तथा माया का अभिलाभ अथवा त्याग था : *1*

(A) शशि का त्याग $\frac{1}{8}$; माया का अभिलाभ $\frac{13}{40}$

(B) शशि का अभिलाभ $\frac{1}{8}$; माया का त्याग $\frac{13}{40}$

(C) शशि का त्याग $\frac{1}{8}$; माया का त्याग $\frac{13}{40}$

(D) शशि का अभिलाभ $\frac{1}{8}$; माया का अभिलाभ $\frac{13}{40}$

15. (क) सुदामा, शर्मा तथा वरुण एक फर्म के साझेदार थे तथा 6 : 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को शर्मा फर्म से सेवानिवृत्त हो गया। सुदामा तथा वरुण का अभिलाभ अनुपात होगा : *1*

(A) 3 : 2 (B) 2 : 1

(C) 1 : 2 (D) 2 : 3

अथवा

(ख) हरी, मुरारी तथा अभी एक फर्म के साझेदार थे तथा 8 : 7 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को मुरारी फर्म से सेवानिवृत्त हो गया। हरी तथा अभी ने भविष्य के लाभों को 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। हरी तथा अभी का अभिलाभ अनुपात था : *1*

(A) 1 : 2 (B) 8 : 7

(C) 2 : 1 (D) 7 : 4

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

14. (a) John, Honey and Racob were partners in a firm sharing profits and losses equally. On 31st July, 2025 John died. His share in the profits of the firm from the date of last balance sheet till the date of his death will be : *1*

(A) Debited to Profit and Loss Account

(B) Credited to Profit and Loss Account

(C) Debited to Profit and Loss Suspense Account

(D) Credited to Profit and Loss Suspense Account

OR

(b) Shashi, Maya and Komal were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2025 Komal retired. The new profit sharing ratio between Shashi and Maya was decided as 3 : 5. The gain or sacrifice of Shashi and Maya on Komal's retirement was : *1*

(A) Shashi's sacrifice $\frac{1}{8}$; Maya's gain $\frac{13}{40}$

(B) Shashi's gain $\frac{1}{8}$; Maya's sacrifice $\frac{13}{40}$

(C) Shashi's sacrifice $\frac{1}{8}$; Maya's sacrifice $\frac{13}{40}$

(D) Shashi's gain $\frac{1}{8}$; Maya's gain $\frac{13}{40}$

15. (a) Sudama, Sharma and Varun were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 6 : 4 : 3. Sharma retired from the firm on 31st March, 2025. The gaining ratio of Sudama and Varun will be : *1*

(A) 3 : 2 (B) 2 : 1

(C) 1 : 2 (D) 2 : 3

OR

(b) Hari, Murari and Abhi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 8 : 7 : 4. Murari retired from the firm on 31st March, 2025. Hari and Abhi decided to share profits in the future in the ratio of 2 : 1. The gaining ratio of Hari and Abhi was : *1*

(A) 1 : 2 (B) 8 : 7

(C) 2 : 1 (D) 7 : 4

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

16. शौर्य, मौर्य एवं गौरव एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2025 को शौर्य सेवानिवृत्त हो गया। संचयों तथा परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन एवं देयताओं के पुनर्निर्धारण के सम्बन्ध में आवश्यक समायोजन करने के पश्चात उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 3,20,000 था। शौर्य को उसके दावे के पूर्ण निपटान में ₹ 3,90,000 का भुगतान किया गया। शौर्य की सेवानिवृत्ति की तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 1,40,000

(B) ₹ 70,000

(C) ₹ 3,20,000

(D) ₹ 3,90,000

17. नमिता, नरेन्द्र तथा कुँवर एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है। 30 सितम्बर, 2025 को कुँवर की मृत्यु हो गयी। 1 अप्रैल, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक फर्म के लाभ में उसके भाग की गणना साझेदारी संलेख के अनुसार की गयी जो ₹ 15,600 था। कुँवर की मृत्यु की तिथि पर फर्म का स्थिति विवरण ₹ 40,000 का सामान्य संचय तथा ₹ 80,000 का लाभ-हानि खाता (डेबिट) दर्शा रहा था।

कुँवर की मृत्यु पर फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

18. जतिन, करन तथा सिया एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31 मार्च, 2025 को जतिन, करन तथा सिया का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ	राशि (₹)
पूँजी :			एकस्व (पेटेन्ट्स)	4,05,000
जतिन	3,20,000		भूमि तथा भवन	4,95,000
करन	3,90,000		स्टॉक	1,85,000
सिया	5,00,000	12,10,000	देनदार	1,78,000
सामान्य संचय		50,000	बैंक में रोकड़	27,000
लेनदार		30,000		
		12,90,000		12,90,000

उपर्युक्त तिथि को जतिन निम्नलिखित शर्तों पर फर्म से सेवानिवृत्त हो गया :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया और इसका लेखांकन ख्याति खाता खोले बिना किया जाएगा।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

16. Shaurya, Morya and Gaurav were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. On 31st March, 2025, Shaurya retired. The balance in his capital account after making the necessary adjustments on account of reserves and revaluation of assets and reassessment of liabilities was ₹ 3,20,000. Shaurya was paid ₹ 3,90,000 in full settlement of his claim. The value of goodwill of the firm on the date of Shaurya's retirement was : *1*

(A) ₹ 1,40,000
(B) ₹ 70,000
(C) ₹ 3,20,000
(D) ₹ 3,90,000

17. Namita, Narendra and Kunwar were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1 : 1. The firm closes its books on 31st March every year. Kunwar died on 30th September, 2025. His share in the profits of the firm from 1st April, 2025 to 30th September, 2025 was calculated as per the provisions of the partnership deed which amounted to ₹ 15,600. On the date of Kunwar's death, the Balance Sheet of the firm showed General Reserve of ₹ 40,000 and Profit and Loss Account (Dr.) ₹ 80,000.

Pass necessary journal entries on Kunwar's death in the books of the firm. *3*

18. Jatin, Karan and Sia were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 31st March, 2025, their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet of Jatin, Karan and Sia as at 31st March, 2025

Liabilities		Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Capitals :			Patents	4,05,000
Jatin	3,20,000		Land and Building	4,95,000
Karan	3,90,000		Stock	1,85,000
Sia	5,00,000	12,10,000	Debtors	1,78,000
General Reserve		50,000	Cash at bank	27,000
Creditors		30,000		
		12,90,000		12,90,000

Jatin retired from the firm on the above date on the following terms :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000 and the same was to be treated without opening goodwill account.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(ii) परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण के परिणामस्वरूप ₹ 75,000 की हानि हुई।

(iii) जतिन को देय राशि उसके ऋण खाते में हस्तांतरित कर दी गई।

ख्याति, सामान्य संचय तथा परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण के लिए जतिन की सेवानिवृत्ति पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

19. (क) कियारा लिमिटेड ने अमरेक्स लिमिटेड से ₹ 12,40,000 मूल्य की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 3,40,000 की देयताओं का क्रय ₹ 11,00,000 के क्रय प्रतिफल पर किया। कियारा लिमिटेड ने आधी राशि का भुगतान चैक द्वारा किया। शेष राशि का निपटान ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया।

कियारा लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

अथवा

(ख) 1 अप्रैल, 2024 को ज़ारा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 8,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया। इसी तिथि को कम्पनी के प्रतिभूति प्रीमियम खाते में ₹ 50,000 का शेष था।

ऋणपत्रों के निर्गमन तथा ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे को अपलिखित करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

20. दीक्षा, राज तथा अमित एक फर्म के साझेदार थे तथा 6 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2025 को अमित सेवानिवृत्त हो गया। अमित की सेवानिवृत्ति की तिथि को कामगार क्षतिपूर्ति कोष में ₹ 90,000 का शेष विद्यमान था।

निम्नलिखित प्रत्येक स्थिति में अमित की सेवानिवृत्ति पर कामगार क्षतिपूर्ति कोष के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *3*

(i) कामगार क्षतिपूर्ति खाते में ₹ 1,00,000 का दावा अनुमानित किया गया।

(ii) कामगार क्षतिपूर्ति खाते में ₹ 70,000 का दावा अनुमानित किया गया।

(iii) कामगार क्षतिपूर्ति खाते में ₹ 90,000 का दावा अनुमानित किया गया।

21. निम्नलिखित लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4*

(i) केएल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 80,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

(ii) यूएच लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(ii) Revaluation of assets and reassessment of liabilities resulted in a loss of ₹ 75,000.

(iii) Amount payable to Jatin was transferred to his loan account.

Pass necessary journal entries for goodwill, general reserve and revaluation of assets and reassessment of liabilities on Jatin's retirement. *3*

19. (a) Kiara Ltd. purchased assets worth ₹ 12,40,000 and took over liabilities of ₹ 3,40,000 of Amrex Ltd. for a purchase consideration of ₹ 11,00,000. Kiara Ltd. paid half the amount by cheque. The balance amount was settled by issuing 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Kiara Ltd. *3*

OR

(b) On 1st April, 2024, Zara Ltd. issued 8,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%. The company had a balance of ₹ 50,000 in the Securities Premium Account on the same date.

Pass necessary journal entries for the issue of debentures and to write off discount on issue of debentures. *3*

20. Diksha, Raj and Amit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 6 : 3 : 1. On 1st April, 2025 Amit retired. On the date of Amit's retirement, there existed a balance of ₹ 90,000 in Workmen's Compensation Fund.

Pass the necessary journal entries for treatment of Workmen's Compensation Fund on Amit's retirement in each of the following cases : *3*

(i) Claim on account of Workmen's Compensation was estimated at ₹ 1,00,000.

(ii) Claim on account of Workmen's Compensation was estimated at ₹ 70,000.

(iii) Claim on account of Workmen's Compensation was estimated at ₹ 90,000.

21. Pass necessary journal entries for issue of debentures for the following transactions : *4*

(i) KL Ltd. issued 80,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5%.

(ii) UH Ltd. issued 40,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at par, redeemable at a premium of 10%.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

22. (क) जैन तथा गुप्ता एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने फर्म के लाभों में 1/5 भाग के लिए अग्रवाल को ₹ 75,000 के न्यूनतम लाभ की गारंटी की राशि के साथ एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। इस कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी कमी को जैन तथा गुप्ता 1 : 3 के अनुपात में वहन करेंगे। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने ₹ 3,00,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया।

31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जैन, गुप्ता तथा अग्रवाल का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए। *4*

अथवा

(ख) अन्नू, बंधु, शीलू तथा गोलू एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 को उन्होंने निर्णय लिया कि वे भविष्य में लाभ बराबर-बराबर बाँटेंगे। इस उद्देश्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,00,000 किया गया। लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण हुए साझेदारों के त्याग अथवा अधिलाभ की गणना कीजिए तथा ख्याति के लेखांकन की एक एकल समायोजन रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए। *4*

23. (क) अजंता लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 30,000 समता अंशों को ₹ 5 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 10 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर – शेष

50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा उनकी आवेदन राशि वापस कर दी गयी। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि का समायोजन प्रथम एवं अंतिम याचना पर देय राशि में कर दिया गया। 4,000 अंशों के एक आवेदक सोनू ने अपनी समस्त अंश राशि का भुगतान आवेदन के साथ कर दिया। वेदिका, जिसे 300 अंशों का आबंटन किया गया था, प्रथम तथा अंतिम याचना का भुगतान करने में असफल रही। आवश्यक नोटिस देने के पश्चात उसके अंशों का हरण कर लिया गया।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए अजंता लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

अथवा

